मैत्री समूह

# Chirping Sparrow

Year - 15, Issue - 1

A Newsletter of Maitree Samooh



इतने ऊँचे उठो कि जितना उठा गगन है।

नये हाथ से वर्तमान का रूप सँवारो,
नई तूलिका से चित्रों का रंग उभारो
नये राग को नूतन स्वर दो
भाषा को नूतन अक्षर दो
युग की नई मूर्ति रचना में
इतने मौलिक बनो कि
जितना स्वयं सृजन है।

लो अतीत से उतना ही जितना पोषक है
जीर्णशीर्ण का मोह मृत्यु का ही द्योतक है,
तोड़ो बंधन, रुके न चिंतन गति
जीवन का सत्य चिरंतन
धारा के शाश्वत प्रवाह में
इतने गतिमय बनो कि जितना परिवर्तन है।

–द्वारकाप्रसाद माहेश्वरी

# Pride of Society

### Chief Guest of YJA 2016




**Dr Ratna Jain**

Dr. Ratna Jain is a well-known Gynecologist and social worker in Rajasthan. She has over 25 years of experience as a Gynecologist and has served at various medical positions. She has been an outstanding scholar throughout and has completed her MBBS and MS in Obstetrics and Gynecology from RNT Medical College (Udaipur).

She is also an active social worker and has served as the Mayor of Kota city. She is a member of multiple social bodies and committees including National Rural Health Mission, Indian Medical Association, and Kota Menopausal Society among others.

She is a versatile speaker and a strict follower of moral values. Maitree Samooh feels honored to have her as the Chief Guest of YJA 2016.


## Winners




**Udath M**
Mudbidri
XII Science
Karnataka Board 97.7%
100% Marks in 5 Subjects
AIR 5760 in JEE Mains



**Shubhi Jain**
Chhatarpur
XII Science
MP Board 97.0%




**Pranay Shah D**
Chennai
XII Commerce
TN Board 96.3%
Selection in CPT



**Vineeth H S Jain**
Hassan
XII Commerce
Karnataka Board 96.8%
100% Marks in 2 Subjects
Selection in CPT



**Shruti Jain**
Ajmer
XII Arts
C.B.S.E. 95.4%



**Milan Jain**
Shivpuri
XII Arts
MP Board 89.2%

## Outstanding Performance



**Udita Anil Jain**
Surat
XII Commerce
C.B.S.E. 88.2%



**Anamika Jain**
Jhalrapatan
XII Arts
C.B.S.E. 72.8%

Chirping Sparrow

Chirping Sparrow is published by **MAITREE SAMOOH**. Post Box No. 15, Vidisha, Madhya Pradesh - 464001
E-mail : samooh.maitree@gmail.com, Website : **www.maitreesamooh.com**, Mob.: **94254-24984, 7694005092**
www.facebook.com/maitreesamooh

It is circulated to all Young Jaina Awardees and friends of Maitree Samooh.

# अंतरंग



हमें यह जानकार गौरव होना चाहिए कि अहिंसा, करूणा और प्रेम हमारा धर्म है। सत्य के प्रति समर्पित होकर निरन्तर आत्म–विकास करना हमारा दर्शन है। आत्म संतोष और साम्य–भाव रखना हमारी आध्यात्मिक चेतना का मधुर स्वर है। श्रद्धा और सदाचार से समन्वित ज्ञान ही हमारा विज्ञान है। यह सच है कि आज वातावरण में अनेक विकृतियाँ और विषमताएँ हैं, इसके बावजूद भी हमारा कर्त्तव्य है कि हम अच्छा सोचें और अच्छा करें।


भौतिकता की चकाचौंध में रहकर भी हम अपनी असलियत पहचानें और स्वस्थ, संतुलित और मर्यादित जीवन जीने की कला सीखें। बढ़ती हुई भोगवादी विचार–धारा के बीच हम निःस्वार्थ सेवा और त्याग की भावना बनाए रखें। खान–पान और रहन–सहन में निरन्तर बढ़ते आडम्बर के बीच भी सादगी और शालीनता को बढ़ावा दें। देश में तेजी से फैलती हुई हिंसा, झूठ, चोरी, अश्लीलता और अंडा, मांस, शराब जैसी बुरी आदतों के बावजूद भी हम नैतिक और चारित्रिक रूप से सुदृढ़ बनें। संयुक्त परिवारों के विघटन और सम्बन्धों के बीच बढ़ती हुई औपचारिकता के बावजूद भी हम परस्पर आत्मीयता और सम्बन्धों की मधुरता कायम रखें। धार्मिक आयोजनों, धर्मस्थलों और धर्मगुरूओं में निरंतर बढ़ते आडम्बर और प्रदर्शन के बावजूद भी हम धर्म की तर्कसंगत, वैज्ञानिक सही समझ विकसित करने के लिय प्रयत्नशील रहें। उच्च शिक्षा के माध्यम से हम अपने जीवन को सहज, सरल और संवेदनशील बनाएँ। हम श्रद्धावान और विनम्र बनें। हमारा सोच सकारात्मक हो, हमारी वाणी में मधुरता हो और हमारा जीवन परोपकारी, रचनात्मक कार्यों में संलग्न रहे। हम पढ़–लिखकर विदेशी मुद्रा मे लालच में हिंसक उद्योग–धंधों को न अपनाएँ, बल्कि अपने देश, अपनी संस्कृति और धर्म की गौरवशाली परम्परा की प्रगति में योगदान दें। इस तरह अपनी गुणवत्ता के द्वारा अपने जीवन का श्रृंगार करें और आसपास पूरे परिवेश में मैत्री, प्रेम और सदाचार का सुखद संदेश फैलाएँ।

''जैन युवा प्रतिभा सम्मान समारोह'' में सम्मिलित सभी युवाओं की सफलता से मैं अत्यंत गौरव का अनुभव कर रहा हूँ। सम्मान समारोह के इन आत्मीय और दुर्लभ क्षणों में यदि धर्म, दर्शन, अध्यात्म और विज्ञान की स्पष्ट छवि हमारे हृदय में अंकित हो सके और हम अपने जीवन को अच्छा बनाने के लिये संकल्पित हो सकें तो यह इस सम्मान समारोह की श्रेष्ठतम उपलब्धि होगी। हमें विश्वास है कि इस सम्मान समारोह में सहभागी सभी प्रतिभाशाली युवा हमारी भावनाओं का सम्मान करेंगे और अपने जीवन को उन्नत बनाएँगे।

**- मुनिश्री क्षमासागरजी का अवार्डीज के लिए सन्देश** (2008)



# Young Jaina Award




हम निरन्तर आगे बढें। खूब पढ़ें–लिखें और नयी ऊँचाइयों को हासिल करें। जैसे हम कल थे उससे बेहतर आज हों, और कल उससे भी बेहतर होने की कोशिश करें। मुनि श्री क्षमासागर जी का यही मानना था। हम अगर स्टूडेंट हैं तो बेहतर स्टूडेंट बनें, अगर पुत्र हैं तो एक बेहतर पुत्र बनें, बेहतर डॉक्टर, साइंटिस्ट, इंजीनियर, एक बेहतर देशवासी, और एक बेहतर इंसान बने। निरन्तर प्रगति पथ पर आगे बढ़ें, पर प्रगति ऐसी जो आत्म हित के साथ–साथ पर हित में भी हो। प्रगति जो स्वयं के जीवन से शुरू हो और सब ओर बिखर जाये वही वास्तविक प्रगति है, वही वास्तविक प्रतिभा है। ऐसी ही प्रतिभाओं का सम्मान और ऐसी प्रगति के लिए प्रेरणा ही यंग जैना अवार्ड का उद्देश्य है। भगवान महावीर के 2600 वें निर्वाण महोत्सव के अवसर पर वर्ष 2001 से यंग जैना अवार्ड की शुरूआत् आचार्य श्री विद्यासागर जी के परम शिष्य मुनि श्री क्षमा सागर जी की प्रेरणा से हुई। मुनिश्री स्वयं एम. टेक गोल्ड मेडलिस्ट थे। उन्हें बच्चों, विद्यार्थियों एवं उच्च शिक्षा के प्रति गहरा लगाव एवं सम्मान था। वे अपने जीवन में विज्ञान एवं धर्म दोनों को गहराई से जीते थे।

मुनिश्री हर कार्य पूरी दक्षता और श्रेष्ठता से करने में विश्वास रखते थे और बच्चों को भी ऐसा ही करने की प्रेरणा देते थे। वे स्टुडेन्ट्स को अनुशासन, कड़ी मेहनत के साथ, बहुआयामी सफलता के लिये प्रेरित करते थे। और ऐसी सफलता जो मात्र भौतिक उपलब्धियों तक ही सीमित न हो। छात्रों को सम्मान एवं स्नेह देने हेतु यंग जैना अवार्ड का आयोजन ऐसी ही प्रेरणा की परिणति है। यह कार्यक्रम तीन दिन की वर्कशाप के रूप में आयोजित किया जाता है। जिसमें पुरस्कृत छात्रों हेतु रिलेवेंट एवं उपयोगी सत्र रखे जाते हैं। यह कार्यक्रम छात्रों के व्यक्तित्व विकास (personality development), मूल्य आधारित जीवन शैली, श्रेष्ठ करियर, emerging career options और विज्ञान एवं धर्म के समन्वय पर फोकस करता है।

वर्ष 2001 से शिवपुरी में बारहवीं कक्षा के 224 छात्रों के साथ प्रारंभ हुआ यह यंग जैना अवार्ड, आज प्रतिष्ठित पुरस्कार समारोहों में शामिल हो गया है। 22 राज्यों के 30 से भी अधिक बोर्ड्स के 11 हजार से भी अधिक छात्र छात्राएं इस पुरस्कार से सम्मानित हो चुके हैं और आज यंग जैना अवार्ड पाने वाले हजारों विद्यार्थी मूल्य आधारित जीवन शैली के साथ प्रतिष्ठित संगठनों में कार्यरत हैं।

# Young Jaina Award 2016

आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के आशीर्वाद और मुनि श्री क्षमासागर जी महाराज की प्रेरणा से यंग जैना अवार्ड 2016 का आयोजन गोम्मटगिरी जी, इन्दौर में दिनांक 8 एवं 9 अक्टूबर को किया गया। यंग जैना अवार्ड 2016 हेतु देशभर से 22 राज्यों से लगभग 2,000 प्रविष्टियाँ प्राप्त हुई थीं। इनमें से 19 राज्यों की उत्कृष्ट 200 प्रतिभाओं को सम्मान समारोह के लिए आमंत्रित किया गया। अत्यंत गर्व का विषय है कि इनमें 112 अवार्डीस ऐसे भी हैं जिन्होंने अपने बोर्ड एग्जाम्स में शत–प्रतिशत अंक प्राप्त किये हैं। प्रशासनिक सेवा परीक्षा में चयनित 25 अवार्डीस को भी इस अवसर पर आमंत्रित किया गया। आठ तारीख को अपराह्न 12.30 भव्य शोभा यात्रा के साथ कार्यक्रम का शुभारम्भ हुआ।

इस वर्ष के यंग जैना अवार्ड कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण था 'बिजनस एंड एंत्रेप्रेन्यूरशिप समिट' जिसमें आल राउंड डेवलपमेंट और सक्सेसफुल स्टार्टअप की शुरुआत के विषयों पर वर्कशॉप आयोजित की गयी। सत्र के शुरुआत में आई आई एम बैंगलोर के प्रोफेसर एवं विशेषज्ञ श्री राकेश गोधवानी जी ने स्टार्टअप की सफलता के चार गुरुमंत्र आवार्डीस को बताये। इसके पश्चात् टिंकर लैब्स के फाउंडर और आई आई एम अहमदाबाद के छात्र श्री कुणाल गुप्ता और सुश्री अर्शदीप कौर ने सफल स्टार्टअप्स के बेसिक्स और अपने अनुभवों से सभी को अवगत कराया।

# Young Jaina Award 2016

इस सत्र का अंतिम विषय था सोशल एंत्रेप्रेन्यूरशिप (Social Entrepreneurship)– आचार्य श्री के आशीर्वाद से स्थापित हथकरघा उद्योग में सक्रिय ब्र.श्री अमित जैन (M.Tech. IIT Delhi) और बनयान ट्री के फाउंडर श्री रोहित जैन ने सोशल एंत्रेप्रेन्यूरशिप, हथकरघा उद्योग एवं आर्गेनिक फार्मिंग के बारे मे अवार्डी बच्चों के साथ बड़े ही सरल तरीके से संवाद किया। एंत्रेप्रेन्यूरशिप समिट के इन तीनों सेशन्स से अवार्डीस ने सीखा कि किस तरह एंत्रेप्रेन्यूरशिप और सोशल एन्त्रेप्रेंयूर्शिप से अवार्डीस सिर्फ खुद को ही नहीं बल्कि अपने परिवेश और समाज को भी आगे बढ़ा सकते हैं। सायं 7 बजे पूज्य बाहुबली भगवन के चरणों में सभी बच्चों ने आरती और भक्ति की। तत्पश्चात् पूज्य मुनिश्री के जीवन पर आधरित डाक्यूमेंट्री से आवार्डीस ने मूल्य आधारित जीवन शैली एवं धर्म और विज्ञान के समन्वय के सूत्र सीखे।

इसके बाद श्री अनुभव जैन (जबलपुर) ने रोचक मैत्री क्विज के माध्यम से बहुत ही सरलता से जैन धर्म के मूलभूत सिद्धांतो को समझाया। दूसरा दिन प्रारम्भ हुआ प्रभु स्मरण के साथ प्रभात फेरी के रूप में। तत्पश्चात् अवार्डीस ने अभिषेक, शांतिधारा एवं पूजन की। प्रातः 10 बजे के पहले सत्र में अमेरिका से आई एक्सपर्ट ट्रेनर सुश्री सुरभि पांड्या ने पूज्य मुनि श्री के संस्मरणों के साथ स्पिरिचुअल ट्रांसफॉर्मेशन पर सारगर्भित व्याख्यान देते हुए जीवन में आगे बढ़ने के कारगर टिप्स दिए। इसके बाद श्री रितेश जैन (Director T.I.M.E. Ghaziabad) ने करियर काउंसलिंग में करियर से संबंधित प्रश्नों के बहुत ही रोचक और सरल उत्तर दिए। प्रतिभाओं के सम्मान का मुख्य आयोजन दोपहर 1.30 बजे प्रारंभ हुआ, जिसकी भव्यता, अनुशासन, प्रबंधन एवं गरिमा देखते ही बनती थी। सम्मान की श्रंखला में सबसे पहले प्रशासनिक सेवा मे चयनित छात्रों का आत्मीय सम्मान किया गया।

इसके बाद क्रमशः 10 वीं, 12 वीं कला, वाणिज्य, एवं विज्ञान, के छात्रों के साथ प्रतियोगी परीक्षाओं मे चयनित छात्रों का भावभीना सम्मान किया गया। छात्र–छात्राओं को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि श्रीमती रत्ना जैन ने कहा कि हम गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पाने के साथ–साथ अपने धर्म और संस्कारों को न भूलें। इससे पूर्व वरिष्ठ साहित्यकार प्रो. (डॉ.) सरोजकुमार जी ने अपने सरल–सुबोध उद्‌बोधन में कहा कि लौकिक शिक्षा प्राप्त करते हुऐ हम धर्म से विमुख न हों, यह क्षमासागर जी ने युवाओं के पीठ पर हाथ रखते हुऐ सिखाया। उन्होंने कहा –यहाँ मंच खाली नही है, मेरी कल्पना मे मुनि क्षमासागर जी यहाँ बैठे हैं। महाराज जी एक पेड़ हैं जिस पर हम सब चिड़िया आकर सुखद अनुभव करते हैं। सभी अवार्डीस ने जीवन में कभी व्यसन न करने का संकल्प पत्र भी भरा। सम्मान समारोह का संचालन श्री राजेश बड़कुल, छतरपुर एवं श्रीमती आभा जैन, जबलपुर ने किया। पूरे कार्यक्रम में यंग आर्केस्ट्रा झांसी के मधुर संगीत ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध करे रखा। 10 अक्टूबर को सभी आवार्डीस पूज्य आचार्यश्री विद्यासागर जी महाराज के दर्शनाथ भोपाल पहुँचे। सभी ने पूज्य आचार्य संघ के दर्शन, पूजन, आहारचर्या का लाभ लिया, तथा सम्पूर्ण संघ से भरपूर आशीर्वाद प्राप्त किया।

## कार्यक्रम की कुछ झलकियां



यंग जैन अवार्ड के आयोजन के पूर्व मंगलमय विधान का आयोजन



यंग जैन अवार्ड का पहला दिन अवार्डीज का रस्ट्रेिशन




19 राज्यों से आये अवार्डीज अपने–अपने राज्यों के झंडे के साथ प्रोसेशन में शामिल हुए



अवार्डीज प्रोसेशन

**KEY FACTS**

| | Number of Awardees |
|---|---|
| Total Applications | 1917 |
| States Covered | 22 |
| Educational Board Covered | 19 |
| Awardees with 10CGPA/ 100% in Class X | 112 |
| Awardees Scoring 100% in at least one subject | 259 |
| Differently Abled Candidates | 5 |
| Board Toppers | 112 |
| Awardees in Top 5 of Merit List | 115 |
| National/ State Level Sportspersons | 3 |
| Students selected in JEE, PET, PMT, NTSE, etc. | 243 |
| Students Selected in CPT/ CLAT | 5 |
| Percentage of Female Awardees | 51% |



# Young Jaina Award 2016



ध्वजारोहण पंडित रतनलाल जी,
इंदौर और ब्रं. संजय भैया जी



श्रीमती वंदना बड़जाते, कोटा द्वारा
प्रदर्शनी का उद्घाटन



प्रदर्शनी



मंगल द्वीप प्रज्जवलन के साथ कार्यक्रम का शुभारम्भ



यंग जैन अवार्ड 2016 का आगाज़ किया
सीनियर अवार्डीज रेशु, मुम्बई और योगेन्द्र, लंदन ने

## Entrepreneurship Summit



### 1. चार मूल मंत्र (The 4 Mantras of Entrepreneurship)

यंग जैन अवार्ड 2016 में आयोजित Entrepreneurship Summit के पहले सत्र का प्रारम्भ श्री राकेश गोधवानी जी के व्याख्यान के साथ हुआ। राकेश जी ने अपने प्रभावपूर्ण व्याख्यान में किसी भी कार्य की सफलता के चार मूल मंत्र – अवसर (opportunity), कौशल (skills), चयन (choices) और जुनून (passion) के बारे में रोचक तरीके से विद्यार्थियों को गाइड किया। उन्होंने अपने और अपने दोस्तों के जीवन से जुडी छोटी–छोटी कहानियों के माध्यम से आवार्डीस को विपरीत परिस्तिथियों में भी अपने पैशन को follow करने के लिए प्रेरित किया।

श्री राकेश गोधवानी जी IIM Bangalore में Communication for Leaders and Business Communication डिपार्टमेंट में Adjunct Professor हैं। इससे पूर्व वे विप्रो, इंटेल, क्वालकोम जैसी बहुराष्ट्रीय कम्पनिओं से लगभग 16 साल अपनी सेवाएं दे चुके हैं। श्री गोधवानी अच्छे लेखक हैं और उनकी किताबें Plunnge, Seek: Finding Your True Calling, What to Say and When to Shut Up काफी प्रसिद्ध हैं। एक अच्छे लेखक होने के साथ–साथ श्री गोधवानी जी एक अच्छे पाठक, एक अच्छे शिक्षक एवं पर्यावरण प्रेमी भी हैं।

**Feedback**

- From the depth of my heart, I would like to thank YJA for this wonderful session.
  - Meenal Jain
- राकेश सर का व्याख्यान बहुत महत्वपूर्ण था। इन्होंने जो चार मूल मंत्र बताये हैं उन पर अमल करने का प्रयास करूँगा। इन चार शब्दों में ही जीवन का सार छुपा हुआ है। जो मन में है वही करना चाहिए। ऐसा करने से जीवन विकास की ओर अग्रसर होता है।
  – शुभम जैन

# Entrepreneur बनने का सूत्र



"एक entrepreneur बनने की शुरुआत नौसिखिया से ही होती है" इस कथन को रूचिपूर्वक विस्तार के साथ समझाया हमारे दूसरे वक्ता श्री कुणाल गुप्ता जी ने जो टिंकर लैब के सह–संस्थापक हैं। श्री गुप्ता BITS-Pilani और IIM Ahemdabad के छात्र रहे हैं एवं Freescale Semicondutor और A.T. Kearney जैसी प्रतिष्ठित कंपनियों में अपनी सेवायें दे चुके हैं। सत्र के प्रारम्भ में उन्होंने IIM Ahemdabad के दो छात्रों की कहानी सुनाई कि किस तरह उन्होंने अपने पहले स्टार्टअप को अथक परिश्रम के साथ प्रारम्भ किया और फिर किस तरह कभी पीछे मुड कर नहीं देखा। अपने सत्र के दौरान श्री कुणाल ने विद्यार्थियों से कई प्रश्न भी किये और एक सफल एंत्रेप्रेन्यूर बनने की अपनी कहानी से उन्हें इस क्षेत्र में तैयारी के साथ सफलता प्राप्त करने की प्रेरणा भी दी।

**Feedback**

- Motivated me for stepping forward as an entrepreneur.
  - Preksha Jain
- This session was very influencing. This is the best entrepreneurship session I have ever attended. This session taught me how to deal with failures in a different way.
  - Siddhansh Jain

# सोशल एंत्रेप्रेन्यूरशिप





सोशल स्टार्टअप्स का उद्देश्य सिर्फ प्रॉफिट कामना ही नही बल्कि समाज, संस्कृति या पर्यावरण को समृद्ध बनाना भी होता है। इसी विषय पर श्री अमित जैन एवं श्री रोहित जैन ने आवार्डीस से चर्चा की। श्री अमित जी आई.आई.टी. दिल्ली से एम.टेक, सी.एफ.ए. (लेवेल 2) और 2005 के यंग जैन अवार्डी हैं। बहुराष्ट्रीय कम्पनी डिलोइट कंसल्टिंग में सीनियर कंसलटेंट के रूप में कार्य करने के पश्चात् समाज सेवा के लिये नौकरी छोड़कर वे आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज की प्रेरणा से संचालित हथकरघा अभियान के लिए पूर्ण रूप से समर्पित हैं। एक सफल प्रोफेशनल होने के साथ ही अमित जी नैतिक मूल्यों एवं जैन धर्म के सिद्धंतो का दृढता पूर्वक पालन करते हैं। रोहित जी बनयान रूट्स के फाउंडर है जो कि आर्गेनिक फार्मिंग को आर्थिक और तकनीकी रूप से सुदृढ़ बनाने के लिये प्रयासरत है। अपने वक्तव्य में उन्होंने विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति एवं भारतीय कृषि को अपनाने के लिये प्रेरित भी किया। बनयान रूट्स के साथ–साथ रोहित जी वट वृक्ष फाउंडेशन, उदयपुर के संचालक, नेशनल स्टीरिंग कमेटी ऑफ आर्गेनिक फार्मिंग असोसियेशन ऑफ इंडिया के सदस्य और आई.एफ.ओ.ए.एम जर्मनी (जोकि जैविक खेती करने वाले किसानों का अंतर्राष्ट्रीय स्तर का समूह है) के सदस्य भी हैं।

**Feedback**

- This session was beautiful and it inspired me to help the people in need and work for the poor.
- Ashwini A



आरती और भक्ति



आरती और भक्ति



मेरी भावना का पाठ

## Quiz



क्विज का आयोजन

मैत्री क्विज के माध्यम से श्री अनुभव जैन (IIM Indore) ने अवार्डी विद्यार्थियों को अत्यंत रोचक और वैज्ञानिक तरीके से जैन धर्म के सिद्धांतो को समझाया। इसके दौरान जैन धर्म के विभिन्न पहलुओं पर आधारित प्रश्नों की सहायता से अवार्डी विद्यार्थियों का परिचय हमारी गौरवशाली परम्परा और धर्म की विशाल धरोहर और से कराया गया।



क्विज के पुरस्कार वितरण



अवार्ड के दूसरे दिन प्रभात फेरी



अभिषेक पूजन



अभिषेक पूजन

## Spiritual Transformation



शाश्वत सुख को प्राप्त करने के लिये हमें भैतिक जीवन से कुछ हट कर अध्यात्म से जुडना होता है। एक ऐसी श्रृद्धा अपने भीतर जाग्रत करना होती है जो हमें किंतु–परंतु से दूर सच्चे सुख को पाने के लिये प्रेरित करे। इसी विचार से भरा हुआ था दूसरे दिन का प्रथम सत्र, जिसमें अमेरिका से आई एक्सपर्ट ट्रेनर सुश्री सुरभि पांड्या ने पूज्य मुनि श्री के संस्मरणों के माध्यम से स्पिरिचुअल ट्रांसफॉर्मेशन पर सारगर्भित व्याख्यान देते हुए जीवन में आगे बढ़ने के कारगर टिप्स दिए। सुश्री पांड्या ने अमेरिका में भी आध्यात्मिक विकास और आंतरिक ऊर्जा के संचार पर कई कार्यशालाओं का सफल आयोजन किया है।

# करियर काउंसलिंग



जब करियर और जज्बा साथ में आते हैं तो परिणाम बेहतरीन हो जाते है। यंग अवार्डीस अपने लिये एक सही करियर का चुनाव कर सकें इस विचार के साथ करियर काउंसलिंग पर आधारित सत्र का आयोजन श्री रितेश जैन जी के साथ किया गया। श्री जैन प्रतिष्ठित करियर काउंसलर, टाईम गाजियाबाद संस्थान के निर्देशक और मेनसा के सक्रिय सदस्य हैं।




सत्र की शुरुआत औपचारिक रूप से हुई जो धीरे–धीरे अवार्डी और श्री जैन के मध्य अनऔपचारिक सम्वाद में बदल गया जिसमें सभी विद्यार्थियों ने करियर के चुनाव, परीक्षा की तैयारी आदि विषयों पर श्री जैन से मार्गदर्शन लिया। विद्यार्थियों की गहन रूचि और रिक्वेस्ट पर शाम को इसी सत्र को पुनः आयोजित किया गया जिसमें अभिभावकों ने भी श्री जैन के साथ चर्चा की, जिस दौरान रितेश जी ने विद्यार्थियों को छोटे–छोटे उदाहरणों के माध्यम से पढाई में सफलता के बहुत सारे टिप्स दिए।

# मुख्य सम्मान समारोह



यंग आर्केस्ट्रा, झांसी द्वारा मंगलाचरण



मुनिश्री और कार्यक्रम की जानकारी देते कवि सरोज कुमार



मुख्य अतिथि का उद्‍बोधन



लोक सेवा में चयनितों का सम्मान



लोक सेवा में चयनितों का सम्मान



सम्मान समारोह



विशिष्ट सम्मान



कार्यक्रम के स्टार



कार्यक्रम के स्टार



कार्यक्रम के स्टार



कार्यक्रम के स्टार



कार्यक्रम के स्टार



मैत्री स्कालर से सम्मानित हुए ब्र. अमित भैया जी



कुशल संचालन



उत्साह के पल




समारोह के तीसरे दिन आचार्य संघ का आशीर्वाद

## Stars



**Shubham Jain**
Delhi - C.B.S.E. 93.8%
100% Marks in 1 Subject
AIR 64 CLAT, AIR 2 AILET, AIR 3 IPU CET
Wharton Business Investment
Competition World Rank 3



**Neelansh Jain**
Ashoknagar
C.B.S.E. 9.6 GPA
NTSE AIR 50
State Level Wushoo Player




**Naunika Jain**
Raigarh
C.B.S.E. 94.8%
Selection in JEE Mains
National Level Swimmer




**Umang B. Kavedia**
Mumbai
ICSE Board 91.0%
National Level Athlete




**Vikrant Prajakt Mehta**
Nashik
M.S. Board 100.0%
100% Marks in All Subjects
National Level Tennis Player



**Adesh Jain**
Ashoknagar
C.B.S.E. 85.2%
National Level
Throwball Player



**Sadhika Jain**
Bhanpura
C.B.S.E. 82.4%
Selection in JEE Mains
National Level Handball Player



**Aditya Jain**
Sagar - C.B.S.E. 90.4%
Selection in CPT
National Level
Basketball Player



**Ritwik Jain**
Bhilai
C.B.S.E. 10.0 GPA
100% Marks in All Subjects
State Level Football Player



**Palak Jain**
Bhopal
C.B.S.E. 10.0 GPA
100% Marks in All Subjects
Winner, National Level
Painting Competition



**Vanshika Jain**
Sagar
ICSE Board 82.4%
4 year Diploma in Kathhak



**Samiksha Ajmera**
Jaipur
C.B.S.E. 10.0 GPA
100% Marks in All Subjects
Visharad (B.A.)
In Katthak



**Aviral Jain**
Sagar
C.B.S.E. 9.8 GPA
100% Marks in 5 Subjects
Proficient In Many
Musical Instruments



**Taniya Jain**
Delhi
C.B.S.E. 9.4 GPA
100% Marks in 2 Subjects
Completed Diploma In Music




**Abhirami Gopal Mudaliar**
Nagpur
M.S. Board 94.0%
100% Marks in 1 Subject
NCC A Certificate



**Akshat Jain**
Sagar
MP Board 89.3%
NCC A Certificate



**Lay Jain**
Kota
C.B.S.E. 10.0 GPA
100% Marks in All Subjects
Gold Medal International
Junior Science Olympiad



**Sanskar Jain**
Indore
C.B.S.E. 9.4 GPA
100% Marks in 2 Subjects
Silver Medal in
NSO 2015-16




**Palash Soni (Jain)**
Udaipur
C.B.S.E. 10.0 GPA
100% Marks in All Subjects
AIR 3 in National Abacus



**Aashi Nayak**
Sagar
C.B.S.E. 87.8%
Selection in JEE Mains
6th Rank in
International Olympiad



**Samyak Jain**
Burhar
ICSE Board 94.7%
100% Marks in 1 Subject
AIR 8 International
Science Talent Search Exam




**Devendra Kumar Jain**
Kadera
Raj. Board 88.00%
AIR 396 AIIMS
AIR 900 AIPMT

## Achievers



**Pranil Jain**
Bhopal
AIR 404 in JEE Advanced
Admission in IITB




**Amit Jain**
Esagarh
AIR 13105 in
JEE Advanced



**Shreyansh Jain**
Ajmer
Selection in JEE Advanced



**Nancy Jain**
Guna
Selection in JEE Advanced




**Sozil Jain**
Ambikapur
Selection in AIPMT




**Aman Jain**
Sagar
Selection in CPT



**M.S.Surabhi**
Yeshwanthpur
Selection in CPT




**Tanmay Jain**
Agra
Selection in JEE Mains




**Palash Jain**
Sagar
Selection in JEE Mains


# Stars of Young Jaina Award




| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **Vikul Jain**<br>Etah<br>C.B.S.E. 10.0 GPA<br>100% Marks in<br>All Subjects | **Swasti Patoria**<br>Katni<br>C.B.S.E. 10.0 GPA<br>100% Marks in<br>All Subjects | **Eshita Jain**<br>Katni<br>C.B.S.E. 10.0 GPA<br>100% Marks in<br>All Subjects | **Aditi Jain**<br>Jabalpur<br>C.B.S.E. 10.0 GPA<br>100% Marks in<br>All Subjects | **Jashwina Bhagat**<br>Mungaoli<br>C.B.S.E. 10.0 GPA<br>100% Marks in<br>All Subjects | **Megha Jain**<br>Shivpuri<br>C.B.S.E. 10.0 GPA<br>100% Marks in<br>All Subjects | **Akshat Jain**<br>Sagar<br>C.B.S.E. 10.0 GPA<br>100% Marks in<br>All Subjects | **Archi Jain**<br>Garhakota<br>C.B.S.E. 10.0 GPA<br>100% Marks in<br>All Subjects |



| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **Anshul Jain**<br>Sagar<br>C.B.S.E. 10.0 GPA<br>100% Marks in<br>All Subjects | **Avani Chetan Thole**<br>Aurangabad<br>C.B.S.E. 10.0 GPA<br>100% Marks in<br>All Subjects | **Shreya Jain**<br>Gwalior<br>C.B.S.E. 10.0 GPA<br>100% Marks in<br>All Subjects | **Tanishq Singhai**<br>Katni<br>C.B.S.E. 10.0 GPA<br>100% Marks in<br>All Subjects | **Samiksha Ajmera**<br>Jaipur<br>C.B.S.E. 10.0 GPA<br>100% Marks in<br>All Subjects | **Mahak Godre**<br>Sagar<br>C.B.S.E. 10.0 GPA<br>100% Marks in<br>All Subjects | **Shubhanshi J Jain**<br>Mungaoli<br>C.B.S.E. 10.0 GPA<br>100% Marks in<br>All Subjects | **Prateek Jain**<br>Bhopal<br>C.B.S.E. 10.0 GPA<br>100% Marks in<br>All Subjects |



| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **Hriti Jain**<br>Roha<br>C.B.S.E. 10.0 GPA<br>100% Marks in<br>All Subjects | **Darshika Jain**<br>Sagar<br>C.B.S.E. 10.0 GPA<br>100% Marks in<br>All Subjects | **Sanskar Modi**<br>Khurai<br>C.B.S.E. 10.0 GPA<br>100% Marks in<br>All Subjects | **Garvit Jain**<br>Jabera<br>C.B.S.E. 10.0 GPA<br>100% Marks in<br>All Subjects | **Manasi S Barmecha**<br>Pune<br>C.B.S.E. 10.0 GPA<br>100% Marks in<br>All Subjects | **Pearl D Shah**<br>Virar<br>C.B.S.E. 10.0 GPA<br>100% Marks in<br>All Subjects | **Chetna S Mudholkar**<br>Surat<br>C.B.S.E. 10.0 GPA<br>100% Marks in<br>All Subjects | **Saksham Jain**<br>Delhi<br>C.B.S.E. 10.0 GPA<br>100% Marks in<br>All Subjects |




| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **Yash Jain**<br>Najibabad<br>C.B.S.E. 10.0 GPA<br>100% Marks in<br>All Subjects | **Yash Jain**<br>New Delhi<br>C.B.S.E. 10.0 GPA<br>100% Marks in<br>All Subjects | **Vaibhav Prakash Jain**<br>Indore<br>C.B.S.E. 10.0 GPA<br>100% Marks in<br>All Subjects | **Hitanshi Jhamar**<br>Meghnagar<br>C.B.S.E. 10.0 GPA<br>100% Marks in<br>All Subjects | **Rishabh Jain**<br>**New Delhi**<br>C.B.S.E. 10.0 GPA<br>100% Marks in<br>All Subjects | **Shruti Jain**<br>Burhanpur<br>C.B.S.E. 10.0 GPA<br>100% Marks in<br>All Subjects | **Kshitij Jain**<br>Delhi<br>C.B.S.E. 10.0 GPA<br>100% Marks in<br>All Subjects | **Aadya Jain**<br>Mumbai<br>C.B.S.E. 10.0 GPA<br>100% Marks in<br>All Subjects |



| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **Niri Saraf**<br>Bina<br>C.B.S.E. 10.0 GPA<br>100% Marks in<br>All Subjects | **Devansh Kumar Jain**<br>Jabalpur<br>C.B.S.E. 10.0 GPA<br>100% Marks in<br>All Subjects | **Archie Jain**<br>Begumganj<br>C.B.S.E. 10.0 GPA<br>100% Marks in<br>All Subjects | **Jaysee J Jain**<br>Kalyan(West)<br>C.B.S.E. 10.0 GPA<br>100% Marks in<br>All Subjects | **Pragya Bhavesh Jain**<br>Pune<br>C.B.S.E. 10.0 GPA<br>100% Marks in<br>All Subjects | **Ayushi Jain**<br>Jaipur<br>C.B.S.E. 10.0 GPA<br>100% Marks in<br>All Subjects | **Akshat Jain**<br>Etah<br>C.B.S.E. 10.0 GPA<br>100% Marks in<br>All Subjects | **Sambhav Patni**<br>Jaipur<br>C.B.S.E. 10.0 GPA<br>100% Marks in<br>All Subjects |




| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **Shruti Jain**<br>Jabalpur<br>C.B.S.E. 10.0 GPA<br>100% Marks in<br>All Subjects | **Divyanshi Jain**<br>Satna<br>C.B.S.E. 10.0 GPA<br>100% Marks in<br>All Subjects | **Hardik Jain**<br>Jaipur<br>C.B.S.E. 10.0 GPA<br>100% Marks in<br>All Subjects | **Mehul Jain**<br>Bhopal<br>C.B.S.E. 10.0 GPA<br>100% Marks in<br>All Subjects | **Aashika Jain**<br>Indore<br>C.B.S.E. 10.0 GPA<br>100% Marks in<br>All Subjects | **Akash Kumar Jain**<br>Sagar<br>C.B.S.E. 10.0 GPA<br>100% Marks in<br>All Subjects | **Ayush Kataria**<br>Jaipur<br>C.B.S.E. 10.0 GPA<br>100% Marks in<br>All Subjects | **Ashmita Jain**<br>Navi Mumbai<br>C.B.S.E. 10.0 GPA<br>100% Marks in<br>All Subjects |




| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **Sanket Sughosh Rokde**<br>Aurangabad<br>C.B.S.E. 10.0 GPA<br>100% Marks in<br>All Subjects | **Hrithik Jain**<br>Chhatarpur<br>C.B.S.E. 10.0 GPA<br>100% Marks in<br>All Subjects | **Krati Jain**<br>Neemuch<br>C.B.S.E. 10.0 GPA<br>100% Marks in<br>All Subjects | **Ayaushi Saraogi**<br>Katni<br>C.B.S.E. 10.0 GPA<br>100% Marks in<br>All Subjects | **Prashant Kumar**<br>Gaya<br>C.B.S.E. 10.0 GPA<br>100% Marks in<br>All Subjects | **Chitransh Jain**<br>Indore<br>C.B.S.E. 10.0 GPA<br>100% Marks in<br>All Subjects | **Bhoomik Bhamawat**<br>Udaipur<br>C.B.S.E. 10.0 GPA<br>100% Marks in<br>All Subjects | **Ayush Jain**<br>Kanpur<br>C.B.S.E. 10.0 GPA<br>100% Marks in<br>All Subjects |




**Prateek Chovishya**
Hyderabad
C.B.S.E. 100.0%
100% Marks in
All Subjects



**Anmol Jain**
Noida
C.B.S.E. 10.0 GPA
100% Marks in
All Subjects




**Shubhanshu N Chandiwal**
Jalgaon
C.B.S.E. 10.0 GPA
100% Marks in
All Subjects



**Anupreksha Jain**
Susner
C.B.S.E. 10.0 GPA
100% Marks in
All Subjects


**Samiksha Jain**
Vijaipur
C.B.S.E. 10.0 GPA
100% Marks in
All Subjects




**Ritwik Jain**
Bhilai
C.B.S.E. 10.0 GPA
100% Marks in
All Subjects



**Astha Barya**
Bhopal
C.B.S.E. 10.0 GPA
100% Marks in
All Subjects



**Jai Narayan Jain**
Agra
C.B.S.E. 10.0 GPA
100% Marks in
All Subjects



**Nayan Jain**
Bhopal
C.B.S.E. 10.0 GPA
100% Marks in
All Subjects

# PSC Selected Awardees



**Anurag Jain** - Ashoknagar
Selection in UPSC and State PSC
AIR 2 in CAPF Asst. Commandant Exam
Selected as Naib-Tahasildar



**Alok Kumar Jain** - Indore
Selection in State PSC
B. Com, MA in Public Administration
6th rank in MPPSC
Selected as Assistant Jail Superintendent in MP
and Treasury Officer in Chhattisgarh




**Sonam Jain** - Dabra
Selection in State PSC
Achieved overall 9th rank and
2nd rank among girls
Selected as Deputy Collector




**Soniya Jain** - Tikamgarh
Selection in State PSC
Achieved 17thrank in MPPSC
Selected as Assistant Director
in Finance & Accounts



**Swati Jain** - Indore
Selection in State PSC
21st rank in MPPSC
Selected as Commercial Tax Officer



**Namrata Sodhiya** - Sagar
Selection in State PSC
B.Sc. Mathematics
Posted as DSP



**Prayank Jain** - Jaswant Nagar, Etawah
Selection in State PSC
Selected as DSP



**Sachin Jain** - Babina Cantt
Selection in State PSC
B.E.Information Technology
Selected as Asst. Comm. (Industries)




**Ashish Jain** - Tejgarh
Selection in
State PSC



**Anu Banzal** - Shadora
Selection in State PSC
Selected as Excise
Sub Inspector



**Devendra Jain** - Bhitarwar
Selection in State PSC
Appointed as Block
Women Empowerment Officer



**Gaurav Jain** - Alwar
Selection in State PSC



**Manish Jain** - Ujjain
Selection in State PSC
Selected as Naib Tehsildar based on MPPSC 2012
Selected as Asst. Director-OBC & Minorities Dept. (M.P.)
Selected as Excise Inspector (U.P.)



**Naman Jain** - Parasia
Selection in State PSC
Selected as a Commercial
Tax Inspector



**Neelam Sethiya** - Indore
Selection in State PSC
B.E.& MBA
Selected as Women Empowerment Officer




**Neha Singhai** - Indore
Selection in State PSC
Selected as Assistant Director
in Finance & Accounts



**Parag Jain** - Ashoknagar
Selection in State PSC
B.Tech ECE, VIT University, Vellore
Selected as Asst. Director -
Public Relations



**Poorvi Jain** - Khimlasa
Selection in State PSC
B.E. Computer Science
Selected as a Commercial Tax Inspector



**Rajeev Goyal** - Sagar
Selection in State PSC
Completed M.A. & NET qualified
Selected as Commercial Tax Officer



**Subhashini Jain** - Indore
Selection in State PSC
B.E.& MBA
Selected as Women Empowerment Officer



**Sumit Kumar Jain** - Kareli
Selection in State PSC
Selected as Assistant
Commercial Tax Officer



**Swati Jain** - Sagar
Selection in State PSC
Selected as Block Women
Empowerment Officer



**Vaishaly Jain** - Bhopal
Selection in State PSC
Selected as Naib Tehsildar




**Vandana Jain** - Kotma
Selection in State PSC
Young Jaina Awardee
Selected as DFO in Cabinet Secretariat



**Anil Jain**
Selection in State PSC

## आत्म-ध्यान



आचार्य महाराज संघ सहित सदगुंवा ग्राम से चलकर खुरजाखेड़ा आए। संघ के सभी साधु निरन्तर विहार के कारण थकान महसूस कर रहे थे। सामायिक का समय होने वाला था। अचानक आचार्य महाराज बोले, 'मन कहता है शरीर को थोड़ा विश्राम दिया जाए'। सभी शिष्यों ने एक स्वर में महाराज जी की बात का समर्थन किया और कहा कि हॉं, महाराज जी! आप थोड़ा विश्राम कर लें। आचार्य महाराज हँसने लगे और तत्काल बोले 'मन भले ही विश्राम की बात करे, पर आत्मा तो चाहती है कि सामायिक की जाये' और देखते–ही–देखते आचार्य महाराज दृढ़ आसन लगाकर सामायिक में लीन हो गए। सभी लोग यह देखकर दंग रह गए।

आचार्य महाराज की यह आत्मानुशासित जीवन–चर्या सचमुच अनुपम है।
खुरजाखेड़ा (दमोह)

- मुनि क्षमासागर ('आत्मान्वेषी' से साभार)

## कविता

### आकाश

रात आती है
सारा आकाश
तारों से
भर जाता है
दिन होते ही
मानो सब
झड़ जाता है
इसमें सोचो
तो सोचते ही रहो
हाथ क्या आता है?
जो समझते हैं
वे समझते हैं
कि डूबते/उगते
सितारें हैं
आकाश
अकेला था
अकेला ही
रह जाता है।



**मुनि क्षमा सागर जी**
**अंग्रेजी अनुवाद - सुनीता जैन**
साभार 'मुक्ति' से

### The Sky

When the night comes
the sky sparkles with stars,
As soon as it is daylight
all of them depart.
Think about it:

You may learn
as some do
that only the stars
sparkle and fade.
The sky
remains as it was,
alone,
always.

**चिर्पिंग स्पेरो**

चिर्पिंग स्पेरो के अंक हम नियमित रूप से आप तक पहुँचा रहे हैं। परन्तु आगामी वर्ष में अब इसे केवल वर्ष 2015 एवं 2016 के अवार्डीस को ही पहुँचाया जायेगा। वर्ष 2015 एवं 2016 के अवार्डीस के अलावा कोई भी चिर्पिंग स्पेरो को जारी रखना चाहते हों तो हमें Whatsapp / SMS करके कन्फर्म करें। अपना नाम, पता और "Continue CS" लिखकर हमें इस नम्बर पर Whatsapp / SMS करें : **94074 20880**

## Young Jaina Award 2016

• ऐसा लगता है कि यहां मुनिश्री की कृपा सब ओर बह रही है। प्रतिभाशाली जैन युवाओं को लगातार जोड़ने का यह प्रयास बहुत ही सराहनीय है। शिक्षा बिना संस्कार के अधूरी है क्योंकि संस्कार के बिना आप कुछ भी करेंगे वह समाज के हित में नहीं होगा। युवाओं को संस्कार देने का मैत्री समूह ने उत्कृष्ट कार्य किया है। – **डॉ. रत्ना जैन, चीफ गेस्ट, यंग जैना अवार्ड**, 2016

• मैत्री समूह के द्वारा युवा पीढ़ी में संस्कारों के संरक्षण–संवर्धन का कार्य सराहनीय है। मुनि श्री क्षमासागर जी महाराज की भावनाओं को साकार करने वाले आप सभी को धन्यवाद। आपका यह कार्य वास्तव में सराहनीय है। – **डॉ. भारत शास्त्री, इंदौर**

• मैत्री समूह के कार्यक्रम में मेरे दोनों नातियों को अवार्ड मिलने पर प्रसन्नता हुयी। गोम्मटगिरि में मंदिर बहुत अच्छा लगा। क्षमासागर जी महाराज के लिए दो पंक्तियाँ लिखी हैं, स्वीकारें –
ये वो सूरज हैं जिनकी ना डूबेगी किरण
शाम होगी तो सितारों में बिखर जायेगी – **पं. प्रभात कुमार जैन, दमोह (म.प्र.)**

• यह यंग जैन अवार्ड मुनि श्री क्षमा सागर जी महाराज का छात्रों के प्रति करुणा एवं वात्सल्य का सूचक है। यह निश्चित ही हमें सद्कार्य में लगे रहने एवं धर्म के साथ कर्म करने की ओर प्रेरित करता है। यह अत्याधुनिक एवं वैज्ञानिक दृष्टि से संपूर्ण कार्यक्रम है।
– **सक्षम जैन**(CBX16077), **गंजबासौदा (म.प्र.)**

• विनम्रता क्या होती है, यह इस कार्यक्रम के सानिध्य से मैत्री समूह के सभी सदस्यों से सीखा और समझा। मैं भी ऐसा कर सकूँ, ऐसी मंगल भावना के साथ सभी मैत्री समूह सदस्यों को कोटिश : धन्यवाद, साधुवाद। - **राजेश कुमार जैन, सागर (म.प्र.)**

• पूज्य मुनि श्री क्षमा सागर जी का जीवन वाकई अनुकरणीय है। उन्होंने अपने जीवन में स्वयं से ज्यादा दूसरों के लिये समर्पण किया, विशेषतः योग्य छात्र –छात्राओं की उन्होंने ऐसी नींव रखी है जो नई पीढ़ी के लिये सदा प्रेरणादायी रहेगी। - Shailesh Jain, Mungaoli (M.P.)

• मैत्री समूह के सभी सदस्यों को जय जिनेन्द्र एवं बहुत ही सुन्दर आयोजन के लिए साधुवाद। शिक्षा के क्षेत्र में बच्चों के लिए आपका यह प्रयास वाकई रेगिस्तान में पानी मिलने जैसा अद्भुत है। आगे भी गुरुदेव के आशीर्वाद से आपका ग्रुप इस तरह के आयोजन करता रहे, इसके लिए मंगल कामनाएँ। – **पिता, हितांशी** (CBX16028)

• मैं इस कार्यक्रम के पहले 'महाभारत में अर्जुन' की जैसी स्थिति थी, वैसी अवस्था में था। लेकिन हमें 'मुनिश्री क्षमासागर जी' के बताए हए मार्ग पर आगे बढ़ने की सलाह देकर आप श्रीकृष्ण के रूप में हमारे सारथी बने। इसके लिए मैं आप लोगों का आभारी हूँ। - **अभिषेक जैन, तेंदुखेड़ा**

• मेरा उद्देश्य सिर्फ अवार्ड लेना नहीं था बल्कि धार्मिकता से जुड़ना था, अपने धर्म को और करीब से देखना था, जो इस अवार्ड function के अलावा कहीं और नहीं मिलता। सामूहिक पूजन, workshop जैसी बहुत सी यादें लेकर जा रही हूँ। – **श्रुति जैन** (MPS16155), **गढ़ाकोटा(म.प्र.)**

• What a programme ! Well planned, executed to perfection!
I believe there cannot be a better way to connect our brilliant next generation to our religion. I congratulate all the Maitree Samooh volunteers who made this happen and worked tirelessly.
Best wishes, very nice programme ! - *Nandani Jain, Indore (M.P.)*

• बहुत ही सुन्दर ! बस एक अपनेपन का माहौल, जिसमें सिर्फ सद्भावना है, यही है मुनिश्री का मैत्री समूह... और–आगे बढ़े और प्रगति करे। नित नयी ऊँचाइयाँ प्राप्त करे। - **सीमा जैन, जबलपुर (म.प्र.)**

• मैंने पहले कभी मैत्री समूह द्वारा क्षमासागरजी की प्रेरणा से किये जाने वाले यंग जैन अवार्ड के बारे में सुना था। जितना सुना था उससे कई गुना ज्यादा अच्छा हुआ। मैं इतना प्रभावित हुआ कि मैं मैत्री समूह का सदस्य बनना चाहता हूँ। मैं इस कार्यक्रम के आगे बढ़ने की मंगल कामना करता हूँ। - **शुभम जैन** (MPC16020), **टीकमगढ़ (म.प्र.)**

• It is my pleasure to be a part of this auspicious ceremony. The hospitality you offered during these three days will last in my memory forever. All the volunteers were so enthusiastic as if this was their own family function. Your diligent efforts in organizing this ceremony are reflected in the perfect and well planned arrangements. - *Preksha Jain, Jabalpur (M.P.)*

• मैंने इससे पहले कभी भी इससे अच्छा एवं व्यवस्थित कार्यक्रम नहीं देखा। मैं पूरे मैत्री समूह को हृदय से धन्यवाद देता हूँ। यह सिर्फ एक धार्मिक कार्यक्रम नहीं था बल्कि यूँ कहूँ कि सिर्फ एक शैक्षिक कार्यक्रम भी नहीं था, बल्कि दोनों का एक मिला जुला रूप हमें देखने को मिला, शायद यही चीज हम हमेशा तलाशते रहते हैं। मुझे यहाँ मुनिश्री क्षमासागरजी के बारे में भी बहुत कुछ जानने को मिला। - Samyak Jain, Mugaoli (M.P.)

• मैंने आज तक ऐसा देखा भी नहीं था, सुना भी नही था। पर आज मुझे पता चला कि जैन धर्म क्या होता है। आज धर्म की महिमा पता चली।
- **साक्षी जैन, सहजपुर** (M.P.)

• आज सचमुच हमें लग रहा है कि हमारी साल भर की मेहनत कितनी मीठी हो सकती है।यहाँ हमने राकेश सर से जो सीखा वो अमूल्य है, कुणाल सर से स्टार्ट अप के बारे में सीखा, अमित भैया का सामाजिक कार्य हमारी आँखें खोलने वाला है। रितेश सर के स्टडी टिप्स बहुत उपयोगी थे। मुनिश्री क्षमासागर जी के धार्मिक और वैज्ञानिक दृष्टिकोण का तो क्या कहना! - **सौम्याशाह** (GBX16140), भावनगर

• It was a memorable experience; enjoyed every part of it. I would like to thanks Param Pujya Kshamasagarji Maharaj who recognised the potential in us and envisaged of having such a splendid function. - *Samarth Jain, Surat (Gujarat)*

# महत्वपूर्ण चिट्ठी

## जीवन का उद्देश्य



एक बार पचास लोगों का एक ग्रुप किसी मीटिंग में हिस्सा ले रहा था। मीटिंग शुरू हुए अभी कुछ ही मिनट हुए थे कि स्पीकर अचानक ही रुका और सभी पार्टिसिपेंट्स को गुब्बारे देते हुए बोला, "आप सभी को गुब्बारे पर इस मार्कर से अपना नाम लिखना है।" सभी ने ऐसा ही किया। अब गुब्बारों को एक दूसरे कमरे में रख दिया गया। स्पीकर ने अब सभी को एक साथ कमरे में जाकर पांच मिनट के अंदर अपना नाम वाला गुब्बारा ढूंढने के लिए कहा। सारे पार्टिसिपेंट्स तेजी से रूम में घुसे और पागलों की तरह अपने नाम वाला गुब्बारा ढूंढने लगे। पर इस अफरा–तफरी में किसी को भी अपने नाम वाला गुब्बारा नहीं मिल पा रहा था। पाँच मिनट बाद सभी को बाहर बुला लिया गया। स्पीकर बोला, "अरे! क्या हुआ, आप सभी खाली हाथ क्यों हैं? क्या किसी को अपने नाम वाला गुब्बारा नहीं मिला?" नहीं ! हमने बहुत ढूंढा पर हमेशा किसी और के नाम का ही गुब्बारा हाथ आया", एक पार्टिसिपेंट कुछ मायूस होते हुए बोला। "कोई बात नहीं, आप लोग एक बार फिर कमरे में जाइये, पर इस बार जिसे जो भी गुब्बारा मिले उसे अपने हाथ में लें और उस व्यक्ति को दे दें जिसका नाम उस पर लिखा हुआ है।", स्पीकर ने निर्देश दिया। एक बार फिर सभी पार्टिसिपेंट्स कमरे में गए, पर इस बार सब शांत थे, और कमरे में किसी तरह की अफरा– तफरी नहीं मची। सभी ने एक दूसरे को उनके नाम के गुब्बारे दिए और तीन मिनट में ही बाहर निकले आये। स्पीकर ने गम्भीर होते हुए कहा, "बिलकुल यही चीज हमारे जीवन में भी हो रही है। हर कोई अपने लिए ही जी रहा है, उसे इससे कोई मतलब नहीं है कि वह किस तरह औरों की मदद कर सकता है, वह तो बस पागलों की तरह अपनी ही खुशियाँ ढूंढ रहा है, पर बहुत ढूंढने के बाद भी उसे कुछ नहीं मिलता। हमारी खुशी दूसरों की खुशी में छिपी हुई है। जब हम औरों को उनकी खुशियाँ देना सीख जायेंगे, तो अपने आप ही हमें हमारी खुशियाँ मिल जायेंगी। और यही मानव–जीवन का उद्देश्य भी है।


BOOK-POST

Chirping Sparrow

Year - 15, Issue - 1

A Newsletter of Maitree Samooh



From
**MAITREE SAMOOH**
Post Box No. 15, Vidisha, Madhya Pradesh - 464001
E-mail : samooh.maitree@gmail.com
Website : www.maitreesamooh.com
www.facebook.com/maitreesamooh
Mob.: 9425424984, 7694005092
(Maitree Samooh is a Registered Trust in Delhi)


To, ____________________